प्रसिद्ध मिठाइयों को कम कैलोरी में देने की चुनौती

मास्टर शेफ कुणाल कपूर लखनऊ पहुंचे

लखनऊ। प्रसिद्ध मास्टर शेफ कुणाल कपूर ने कहा है कि लखनऊ की मिठाइयां दुनिया भर में मशहूर हैं। पर, आज के दौर में यह बहुत जरूरी हो गया है कि इन प्रसिद्ध मिठाइयों को कम कैलोरी के विकल्प के साथ उपलब्ध कराया जाए। कपूर विभिन्न नगरों की प्रसिद्ध मिठाइयों को कम कैलोरी के विकल्प के साथ उपलब्ध कराने की चुनौती लेकर देश के दौरे पर निकले हैं। इसी कड़ी में वह बुधवार को लखनऊ में थे। उन्होंने लखनऊ की प्रसिद्ध मिठाई मलाई गिलौरी को कम कैलोरी के विकल्प में उपलब्ध कराने की चुनौती स्वीकार की और उपस्थित दर्शकों के समक्ष शुगर फ्री मलाई गिलौरी तैयार कर दिखाया। इस मौके पर उनके साथ चर्चित खाने के शौकीन मयूर और रॉकी की जोड़ी भी थी। कपूर ने बताया कि लखनऊ के अतिरिक्त दिल्ली, कोलकाता, बंगलूरू और मुंबई भी मेरे दौरे में शामिल हैं। दिल्ली में मोतीचूर के लड्डू, कोलकाता में संदेस, बंगलूरू में तिरामसू पेड़ा और मुंबई में चॉकलेट मोदक को वह कम कैलोरी के विकल्प उपलब्ध कराने की चुनौती स्वीकार कर रहे हैं। ब्यूरो

मास्टर शेफ कुणाल कपूर।